डिजिटल जनसंख्या घड़ी

स्रोत: हिंदुस्तान टाइम्स

बेंगलुरु में पहली **डिजिटल जनसंख्या घड़ी (डिजिटल पॉपुलेशन क्लॉक)** का उद्घाटन **सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन संस्थान (ISEC) में ISEC और केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) द्वारा संयुक्त रूप से** किया गया।

- केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा पूरे भारत में **18 जनसंख्या अनुसंधान केंद्रों** में इसी प्रकार की डिजिटल जनसंख्या घड़ियाँ स्थापित की जा रही हैं ।
- यह घड़ी **वास्तविक समय में जनसंख्या अपडेट (Real-Time Population Updates) प्रदान करती है**, यह प्रत्येक **1.10 मिनट (एक मिनट 10 सेकंड)** पर राज्य की जनसंख्या और प्रत्येक **2 सेकंड पर देश की जनसंख्या** के आँकड़े अपडेट करेगी।
    - इसकी परिशुद्धता **उपग्रह संचार के माध्यम से बनाए रखी जाती है**, जो सटीक, **वास्तविक समय आँकड़े अपडेट करती है।**
- ISEC की स्थापना वर्ष **1972 में सामाजिक विज्ञान में अंतःविषय अनुसंधान और प्रशिक्षण के लिये** एक अखिल भारतीय संस्थान के रूप में की गई थी।

और पढ़ें: भारत की जनसांख्यिकी क्षमता

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/digital-population-clock